प्रेस नोट

थाना - साईबर क्राइम दिनांक- 10-04-2024

"बेरोजगार लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार"

- थाना साईबर क्राइम पुलिस ने आमजन से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक अभियुक्त/साईबर ठग को किया गिरफ्तार।
- जिसके कब्जे से 58 पासपोर्ट, 122 वीजा, 30 रबर मोहरे, लैपटाप, बारकोड स्कैनर, 1000/- रुपये नगदी, 03 मोबाइल व कार बरामद।
- गिरफ्तार अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बेरोजगार लोगों से विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर जालसाजी कर पैसे हडपने की घटना कारित करता है।
- गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का साईबर ठग हैं, जो अब तक आमजन से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये की ठगी कर चुका हैं।

कार्यवाहीः-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना साईबर क्राइम द्वारा थाने के मु0अ0सं0 10/2024 धारा 420,467,468,471 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से 58 पासपोर्ट, 122 वीजा, 30 रबर मोहरे, 1000/- रुपये नगदी, 03 मोबाइल, एक लैपटॉप, बारकोड स्कैनर व कार बरामद हुआ है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

राशिद पुत्र बाबू शेख निवासी ग्राम हकीमगंज थाना अजीमनगर जनपद रामपुर।

गिरफ्तारी का स्थान व समयः- छिजारसी टोल प्लाजा के पास,

दिनांक- 10.04.2024 *समय-* 11.45 बजे।

अपराध करने का तरीका:-

गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैंने अपने मोबाइल में सउदी अरब के नम्बर से व्हाट्सएप इन्स्टॉल कर रखा है, जिसके माध्यम से बेरोजगार लोगों को व्हाट्सएप कॉल कर मैं अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बेरोजगार लोगों को विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर उनका पासपोर्ट मंगाते थे और उन्हें फर्जी वीजा, टिकट, फर्जी मेडीकल फिटनेश प्रमाण पत्र व उनके पासपोर्ट पर एम्बैसी की फर्जी मोहर लगाकर उन्हें भेजकर विश्वास दिलाते थे व उनसे ऑनलाइन पैसे अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवाकर ठगी करते थे।

बरामदगी का विवरण:-

1. 1,000/- रुपये नकदी।
2. 58 पासपोर्ट, 122 वीजा, 30 रबर मोहरे, एक लैपटाप, बारकोड स्कैनर, 03 मोबाइल (ठगी करने में प्रयुक्त)।
3. एक महिन्द्रा XUV कार रजि0 नं0 UP 22 AW 5786

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री नजीर अली खान थाना साईबर क्राइम जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री विनीत कुमार थाना साईबर क्राइम जनपद हापुड।
3. है0का0 659 साजुद्दीन खान थाना साईबर क्राइम जनपद हापुड।
4. है0का0 647 सुनील कुमार थाना साईबर क्राइम जनपद हापुड।
5. का0 198 नीरज थाना साईबर क्राइम जनपद हापुड।
6. का0 08 सौरभ ढाका थाना साईबर क्राइम जनपद हापुड।